दिनांक 02.06.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम में 10 लोगों मिली अनुकम्पा नियुक्ति

5 कर्मचारियों की पदोन्नति के साथ 9 लोगों को स्थायी सेवा का सदस्यता

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में 10 को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इसका आदेश जारी कर दिया है। 10 लोगों को अनुकंपा में नियुक्त करने के बाद इनके पदभार ग्रहण करते ही अब यह निगम कर्मचारी कहलाएंगे। उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने उपरांत इनके आश्रितों ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था , प्राप्त आवेदन की कार्रवाई पर त्वरित कार्यवाही की गई , इसके पूर्व नवंबर 2020 में 26 लोगो और अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई थी। इसके अलावा निगम के 5 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है तथा कार्यभारित एवं आकस्मिक मद के 9 कर्मचारियों को स्थायी सेवा का सदस्य नियुक्त किया गया है। आयुक्त श्री रघुवंशी ने पहल करते हुए अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका परिणाम है कि आज लगभग 07 माह बाद पुनः 10 कर्मचारी अनुकंपा के लिए नियुक्त किए गए हैं। शासकीय सेवक के मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रितों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है परंतु अब अनुकंपा नियुक्ति हो जाने से इनका मनोबल ऊंचा होने के साथ आर्थिक परिस्थितियों में भी अड़चन नहीं आएगी। अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए उपायुक्त अशोक द्विवेदी की भूमिका भी स्थापना प्रभारी होने के कारण अहम हैं जिन्होंने विभागीय प्रक्रियाओं में समय-समय पर आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन पर प्रक्रियाओं को विधिवत निरंतरता बनाए रखा। निकाय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित छानबीन समिति की बैठकों में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अनुशंसा तथा शीघ्रता से फाइल आगे बढ़ाई गई। इन्हें मिली अनुकंपा नियुक्ति - विनय कुमार मेश्राम आ 0 स्व0 भोजराज मेश्राम, कुमारी माया बी0के0 आ0 स्व0 ईश्वर लाल बहादुर, तोषेन्द्र साहू आ0 स्व0 भागवत राम, राजेश कुमार डाहरे माता स्व0 श्यामबाई, टीकेन्द्र कुमार साहू आ 0 स्व0 जयनारायण साहू, पलाश वैद्य आ 0 स्व0 भाउराम वैद्य, अतुल कुमार यादव आ0 स्व0 अनुज राम यादव, रोशन लाल टण्डन माता स्व 0 देवला बाई, नारायण वर्मा आ0 स्व0 नंदकुमार वर्मा, ज्योति मसीह पति स्व 0 सिमोन मसीह 5 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति - विनोद चंद्राकर, चन्द्रकुमार चन्द्राकर, अरुण सिंह, उषा देशमुख, महेश टण्डन, कार्यभारित 9 कर्मचारियों को मिला स्थायी सेवा लाभ -विनोद कुमार गौतम, जगनूराम, लखनलाल, जमुना बाई, करुणा वर्मा, देवांगी बाई, उषा जोशी, दुलारी बाई, दुलारी